**महत्वपूर्ण / ईमेल द्वारा**

प्रेषक,

सचिव,
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय, अनुदानित, पी0पी0पी0 एवं निजी पालीटेक्निक संस्थाएं,
उत्तर प्रदेश।

संख्या : 583 / संप्रपप / परी0अनु0–(पी0आई0 रिपोर्टिंग) / 2026, दिनांक : 14, अगस्त, 2026

**विषयः पंचम चरण की काउन्सिलिंग द्वारा आवंटित अभ्यर्थियों की पी0आई0 रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 06.08.2026 से प्रारम्भ वर्ष–2026 की पंचम चरण की काउन्सिलिंग प्रक्रिया यथा– शुल्क जमा करने, अभिलेख सत्यापन एवं पी0आई0 रिपोर्टिंग की प्रक्रिया दिनांक 14.08.2026 तक सम्पन्न जानी है।

छात्रहित के दृष्टिगत दिनांक 15 एवं 16 अगस्त, 2026 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण पी0आई0 रिपोर्टिंग की कार्यवाही दिनांक 17.08.2026 तक कराये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः जिन अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 14.08.2026 तक अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली गई है, वे अभ्यर्थी यदि दिनांक 17.08.2026 तक संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर लेते हैं, तो उनकी पी0आई0 रिपोर्टिंग की प्रक्रिया दिनांक 17.08.2026 तक पूर्ण कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव

**संख्या एवं दिनांक तदैव**

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा / निदेशक महोदय, संप्रपप।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने जोन के अन्तर्गत संचालित नोडल संस्थाओं को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव